B.M. COLLEGE

B.Ed.

कोड-114336

ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन

अंतिम तिथि-14/10/24

गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग

8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065


दहशत : ग्रामीणों ने छत पर चढ़कर बचाई जान, हाथियों ने चारो तरफ से गांव को घेरा

# लुठापारा में हाथियों की धमक, धान व उड़द की फसलों को पहुंचाया नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

इन दिनों जिला हाथियों के अचानक धमक से दहल उठा है। कभी हाथियों का दल गरियाबंद रायपुर मुख्य मार्ग नेशनल हाईवे के ऊपर आ धमकता है तो कभी किसी गांव में हाथियों के द्वारा जमकर उत्पात मचाया जा रहा है लेकिन हाथियों के दल से स्थायी रूप से बचाव के लिए अब तक वन विभाग के पास कोई ठोस कार्ययोजना दिखाई नहीं दे रही है। हालांकि वन विभाग की टीम हाथियों के पहुंचने से पहले लोगों को हाथी आने की सूचना दे रहे है। लेकिन इसे ग्रामीण नाकाफी समझ रहे है पिछले एक पखवाड़े से मैनपुर वन परिक्षेत्र मे हाथियों के दल के द्वारा जमकर नुकसान पहुंचाया जा रहा है। मैनपुर से महज 14 किलो मीटर दूर लुठापारा ग्राम में शुक्रवार शाम होते ही 40-45 हाथियों का दल अचानक चिंघाड़ते हुए गांव के भीतर प्रवेश कर गया ग्रामीण जान बचाने के लिए पीएम अवास योजना के बने पक्की आवास के छतों पर चढ़ गए। वहीं हाथियों का दल पूरे रातभर गांव को चारों तरफ से घेरकर धान व उड़द, सब्जी की फसलो को जमकर नुकसान पहुंचाया। छोटे- छोटे बच्चों के साथ ग्रामीण पूरे रातभर जान बचाने के लिए घरों के उपर खुले आसमान के नीचे रतजगा करते रहे।

**वन विभाग के पास हाथियों से बचाव के लिए कोई ठोस कार्य योजना नहीं**



### शाम होते ही पहुंच रहा हाथियों का दल

*हाथियों का दल सुबह तड़के 5 बजे के आसपास गांव से बाहर निकला तब ग्रामीणों ने छत से नीचे उतरे और राहत की सांस ली। ग्राम पंचायत दबनई के सरपंच घनश्याम नागेश, जिड़ार सरपंच दुलेश्वरी नागेश, देवचरण, सुकलाल सोरी, जगत राम, बिसाल ध्रुव ने बताया पिछले 15 दिनों से हाथियों का दल मैनपुर वन परिक्षेत्र के कांटादोना जंगल मे डेरा डाल दिये हैं। हाथियों का दल के द्वारा फरसरा, लेड़ीबहार, रामपारा, लुठापारा, खोलापारा, गिरहोला, दर्रीपारा, सिहार, चलकीपारा, छिन्द्रौला, कोयलीबेड़ा एवं आसपास के ग्रामों में इन दिनों लगातार शाम होते ही धमक रहा है कभी भी किसी भी गांव में हाथियों का दल अचानक धमक जाने से ग्रामीणों में भारी दहशत देखने को मिल रहा है क्योंकि धान की फसल लगभग तैयार होने को है और किसान खेत खलिहानों मे शाम तक काम करते दिखाई दे रहे है तो वहीं त्यौहारी सिजन होने के कारण एक दुसरे के गांव मे लोगों का आना- जाना लगा हुआ है हाथियों के दल के द्वारा अचानक गांव मे पहुंच जाने से हमेंशा दुर्घटना का अंदेशा बना हुआ है।*

### सैकड़ों एकड़ की फसल को किया बर्बाद

क्षेत्र के किसानों के अनुसार हाथियों के दल के द्वारा पिछले 4 माह के भीतर सैकड़ों एकड़ धान और मक्के की फसल को जमकर नुकसान पहुंचाया है लेकिन वन विभाग द्वारा कम मात्रा में मुआवजा राशि दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा की लगातार हाथियों के द्वारा नुकसान पहुंचाने जाने की जानकारी वन विभाग को दिया जा रहा है।

### प्रकरण तैयार किया जा रहा हैं

वन विभाग मैनपुर के एसडीओ राजेन्द्र सोरी ने बताया कि हाथियों का दल बीती रात लुठापारा के आसपास फसलों को नुकसान पहुंचाया है। जिसकी जानकारी ग्रामीणों को दिया गया है। सुबह से ही वन विभाग की टीम गांव में पहुंच कर फसल क्षति का जायजा लिया है। प्रकरण तैयार किया जा रहा है श्री सोरी ने बताया हाथियों का दल मैनपुर क्षेत्र के कांटादोना जंगल में पिछले एक पखवाड़े से डेरा जमाये हुए है जिसकी जानकारी लगातार वन विभाग एवं हाथी मित्र दल द्वारा दिया जा रहा है।

# करंट से युवक व बुजुर्ग की मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

राजिम क्षेत्र में करंट की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि जंगली सुअर के शिकार के लिए तार बिछाया गया था, जिसकी चपेट में युवक आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बता दें कि सुबह ही कौंदकेरा में करंट की चपेट में आने से एक अधेड़ की मौत हुई है। वहीं त्योहार सीजन में एक के बाद एक मौत से शोक की लहर दौड़ गई है। जानकारी के अनुसार ग्राम कुरूसकेरा निवासी अमन पटेल 25 वर्ष शनिवार सुबह खेत की ओर गया था। युवक अपने खेत में लगे मोटर पंप को बंद करने जा रहा था। इस दौरान सुअर के शिकार के लिए खेत के मेड़ में बिछाए करंट के तार की चपेट में आ गया। जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी ग्रामीणों ने पुलिस को दी। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। बता दें कि सुबह राजिम क्षेत्र के ग्राम कौंदकेरा में करंट के चपेट में आने से एक सख्श की मौत हो गई। कौंदकेरा निवासी बलीराम साहू सुबह खेत में कुछ काम करने गया था। काम खत्म कर घर लौट रहा था कि वह स्टे तार की चपेट में आ गया। जिससे बलीराम की मौके पर ही मौत हो गई।

■ जंगली सुअर के शिकार के लिए लगाया गया था करंट

## खबर संक्षेप

### विधायक शोक संतप्त परिवार में पहुंच दी श्रद्धांजलि

**दरभा।** गुरुवार को चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र के दरभा ब्लॉक के नीलेगोंदी बोदेनार में भाजपा कार्यकर्ता के पिता की हुई असामयिक मृत्यु के गमगीन परिवारों से मिलने क्षेत्रीय विधायक विनायक गोयल पहुंचे। शोकाकुल परिवारो को ढांढ़स बंधाते हुए कहा कि दुख की इस घड़ी में भाजपा परिवार उनके साथ है। कार्यकर्ता महादेव के घर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए विधायक ने कहा कि दुख की इस घड़ी में विवेक एवं धैर्य बनाकर परिवार का पालन पोषण करे। समय बदलते देर नहीं लगती पिता की हुई मौत पर परिवार के साथ बैठकर सांत्वना दी। विधायक के साथ बाबुल, मुन्नू सिंह, देवी प्रसाद बेंजाम सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### विश्व हिंदू परिषद मातृ शक्ति ने किया शस्त्र पूजन

**गीदम।** विश्व हिंदू परिषद मातृ शक्ति के द्वारा शस्त्र पूजन का कार्यक्रम गीदम नगर के साहू समाज भवन के दुर्गा पंडाल में रखा गया था। जिसमें लगभग 50 की संख्या में मातृशक्ति, 20 से 22 की संख्या में तरुणी, 27 छोटे बच्चे व लगभग 25 की संख्या में पुरुष वर्ग उपस्थित थे। इस दौरान विभाग संयोजिका श्रीमती विनीता देशमुख, जिला सहसंयोजिका श्रीमती राजेश्वरी नाथ व प्रांत सह संयोजिका श्रीमती पार्वती परिहार के साथ साथ विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के संतोष कुमार साहू भी उपस्थित रहे।

### बच्चों के मध्य ऊंची कूद लम्बी कूद स्पर्धा

**गीदम।** एकल अभियान के तहत अंचल बैलाडीला संच रोंजे के पुरनतरई में एकल विद्यालय के बच्चों का खेल प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसमें अंचल अध्यक्ष अतुल चौधरी, अभियान प्रमुख अनिल नाग के निर्देश पर संच, रोंजे के संच प्रमुख राजेश कुमार तर्मा, संच समिति श्रीमती लखमी कश्यप, सुनिल, लखु वैडे अन्य सदस्य व आचार्य संच की उपस्थिति में खेल प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के अंदरुनी इलाके के बच्चे ने हिस्सा लिया। इस दौरान बच्चो के मध्य ऊची कुद, लम्बी कुद, दौड 100, 200, 400 मीटर, कबड्डी व कुश्ती की प्रतियोगिता आयोजित हुई। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चे जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

### भाजपा सरकार की नीतियों एवं योजनाओं को पहुंचा रहे हैं जनता तक

**बीजापुर।** बीजापुर जिले के बारेगुड़ा, गंगारम और लिंगापुर जैसे अंदरूनी इलाकों में पहुंच कर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता क्षेत्र के लोगों को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता दिलाने का काम कर रहे हैं और केंद्र की नरेंद्र मोदी की सरकार और प्रदेश की विष्णुदेव साय की सरकार की लोककल्याणकारी नीतियों और योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर लोग बढ़-चढ़ कर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। उक्त बातें वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व सांसद प्रतिनिधि श्रीनिवास रेड्डी ने शुक्रवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही है।

# देर रात रावण के पुतले का दहन, जय श्री राम के जयकारे से गूंज उठा नगर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में शनिवार को विजयदशमी का पर्व बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया गया। सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति द्वारा रात 8 बजे प्राथमिक शाला मैदान में रामलीला का मंचन आईटीआई जाड़ापदर के कलाकारों द्वारा किया गया इस दौरान धनुष यज्ञा, हनुमान और प्रभू राम मिलन, बाली सुग्रीव लड़ाई, मेघनाथ वध, कुंभकरण वध कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया गया, राम के द्वारा अग्निबाण से रावण के पुतले का दहन किया गया इस दौरान जमकर





आतिशबाजी किया गया आकर्षक आतिशबाजी को देखने मैनपुर नगर सहित पूरे क्षेत्र से हजारों की संख्या में लोग पहुंचे हुए थे रावण के पुतले के दहन होते ही पूरे मैनपुर नगर जय जय श्री राम के जयकारों से गूंज उठा,दशहरा पर्व के चलते मैनपुर नगर व पूरे क्षेत्र में भारी उत्साह देखने को मिला, शांति व्यवस्था बनाए रखना मैनपुर पुलिस बल भारी संख्या में तैनात किए गए थे।

### तहसील साहू समाज की बैठक आज

नवापारा-राजिम। तहसील साहू समाज अभनपुर की बैठक आज 13 अक्टूबर को बेलभाठा में रखा गया है। यह जानकारी देते हुए पूरन साहू ने बताया कि बैठक में सामाजिक एकजुटता पर चर्चा होगी तथा सामाजिक प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। बैठक में प्रमुख रूप से जिला ग्रामीण साहू संघ अध्यक्ष देवनाथ साहू, भेखराम साहू, तोषण साहू, डॉ. मनीष साहू, तहसील साहू समाज के अध्यक्ष ब्रह्मानंद, तुलेश साहू, लोकेश साहू, हेमलता साहू मौजूद रहेंगे।

### गजामूंग दावना कार्यक्रम आज

पाटसिवनी (पिपरहट्ठा)। ग्राम पंचायत पिपरहट्ठा में नवरात्रि के अवसर पर 13 अक्टूबर को नवयुवा क्रांति एवं समस्त ग्रामवासी के द्वारा गजामूंग दावना योगेश्वर निर्मलकर, सेवक राम यादव का लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है।

## जंवारा व दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन...





**नवापारा-राजिम।** परसदा में शारदीय नवरात्रि का पर्व हर्ष एवं उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रतिदिन पूजा आरती एवं सेवागीत भक्तजनों के द्वारा श्रद्धा के साथ किया गया। वहीं दुर्गा अष्टमी के पावन अवसर पर हवन पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित होकर विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर पूणार्हुति दिए। तत्पश्चात नवकन्या एवं भंडारे का आयोजन किया गया। माता रानी की 9 दिन की सेवा के पश्चात ज्योत जंवारा एवं माता दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन गांव के बड़े तालाब में किया गया।

# स्वास्थ्य केंद्र खड़मा में 24 घंटों में 4 बच्चों की गूंजी किलकारी



**मुड़ागांव(कोरासी)।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खड़मा में अष्टमी -नवमी तिथि पर चारों बच्चों का सुरक्षित कराया गया। जहां बच्चों की किलकारी गूजी ग्राम केड़ीआमा के दुलेश्वरी बाई साहू ने तीन किलो का स्वस्थ लड़का, ग्राम लोहझर सावेत्री कोमर्रा ने दो किलो पांच सौ ग्राम का और ग्राम करकरा निवासी प्रेमलता निषाद ने दो किलो छै सौ ग्राम का लड़की और गुनमति दीवान ने तीन किलो का स्वस्थ लड़का हुआ। जिसमें दो लड़का और दो लड़की पैदा हुए। स्टाप के डाक्टर भावेश पटेल, डाक्टर महावीर प्रसाद, बरगाह स्टाप नर्स पुर्णिमा ध्रुव, वार्ड आया कुमारी मोगरा ने बताया की ये चारों डिलीवरी 24 घंटे के अंदर में कराई गई है और सभी जच्चा बच्चा स्वस्थ हैं और सभी बच्चों को वैक्सीनेशन कराया गया।

### महामाया मंदिर का जोत- जंवारा विसर्जित

**राजिम।** शनिवार को नगर के प्राचीन मां महामाया मंदिर से जंवारा विसर्जन के लिए निकले। जिसे मौराहा तालाब में विसर्जित किया गया। जंवारा विसर्जन के दौरान बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे। देवी मंदिरों में भी काफी भीड़ रही। इसी तरह गायत्री, खण्डोबा, सत्ती, चण्डी, घटोरिया, शीतला मंदिर का जोत जंवारा विसर्जन हुआ। मां ब्रम्हचारिणी दरबार का ज्योत विसर्जन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे। शीतला मंदिर पथर्रा व सतबहनिया मंदिर का जोत जंवारा तालाब में विसर्जन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में मोहल्लेवासी शामिल हुए।



# सड़क दुर्घटना में घायल को विधायक ध्रुव ने तत्काल अस्पताल पहुंचवाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव शनिवार को सुबह 10 बजे देवभोग क्षेत्र के दौरे पर जा रहे थे कि राजापड़ाव के पास एक यात्री बस में स्कूटी सवार दो युवती टकरा गई जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। इसी दौरान विधायक का काफिला क्षेत्र के दौरे पर निकली थी। उन्होने घटना स्थल पर अपना वाहन रोकवाकर घायलों की मदद की और मैनपुर स्वास्थ्य विभाग के बीएमओं तथा पुलिस प्रशासन को मामले की जानकारी दिया और तत्काल अपने सामने घायलों को ईलाज के लिए मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजा। उसके बाद ही विधायक मौके से अपने कार्यक्रम के लिए आगे बढ़े। साथ ही घायलों को तत्काल उपचार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।



मिली जानकारी के अनुसार धनेश्वरी उम्र 22 वर्ष एवं नीता उम्र लगभग 30 वर्ष देवभोग की तरफ से अपने स्कूटी में मैनपुर की ओर आ रहे थे और यात्री बस से टकरा जाने से गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों ने बताया कि बिन्द्रानवागढ़ के विधायक जनक ध्रुव ने तत्काल उन्हे ईलाज के लिए मैनपुर भेजा जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को जिला अस्पताल रिफर किया गया।

आखिरी दिन दिखी गुजरात की संस्कृति की झलक

# गरबा रास की रही धूम, जमकर थिरका गुजराती समाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरियाबंद

नगर में गुजराती समाज द्वारा आयोजित गरबा उत्सव में आखिरी दिन गुजरातियों में गजब का उत्साह देखने को मिला। नवरात्र के अंतिम दिन देर रात तक गरबा खेला गया। इस दौरान समाज के लोगों ने जमकर गरबा खेला। पारम्परिक परिधान, गुजराती संगीत और डांडिया की ताल ने जमकर थिरके और समा बांधा। समाज के युवाओं और महिलाओं ने मिलकर आखिरी दिन जबरदस्त समा बांधा। समाज के युवा, बड़े बुजुर्ग और महिलाएं सभी एक साथ गरबे में झूमते नजर आए। इस वर्ष नवरात्रि में गुजराती समाज मैं जमकर गरबा का रंग चढ़ा। नवरात्रि के नौ दिनों तक रोज नए-नए परिधानों और आकर्षक वेशभूषा में समाज के लोग गरबा खेलने पहुंचे हैं रोज नए-नए विधाओं में गरबा किया। इस दौरान बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला छोटे-छोटे बच्चे भी आकर्षक वेशभूषा में गरबा खेलते और मस्ती करते नज़र आए।







### जमकर चढ़ा गरबे का रंग

*उल्लेखनीय हैं कि गरियाबंद में बीते 54 वर्षों से गुजराती समाज द्वारा गरबा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यहां गरबा में गुजरात की संस्कृति की झलकिया स्पष्ट नजर आती है। भक्ति में माहौल में रास गरबा और डंडियों की ताल से पूरा माहौल आकर्षक और मनोरंजन नजर आता है। प्रतिवर्ष यहां गरबा का उत्साह बढ़ते जा रहे हैं। नए-नए फिल्मी गीतों और गुजराती संगीत में प्रचलन के साथ ही अब गरबा की विधाओं में भी बदलाव नजर आने लगा है। इस वर्ष गरबे के दौरान समाज के लोग नए और अनूठे तरीके से गरबा खेलते नजर आए।*

# पतोरा में दशहरा महोत्सव आज

**छुईहा बेलर।** ग्राम पतोरा में प्रति वर्ष मनाये जाने वाले वार्षिक दशहरा महोत्सव 13 अक्टूबर को हर्षोल्लास से मनाया जायेगा। इस दौरान संध्या रावण पुतला दहण कार्यक्रम होगा। दशहरा के उपलक्ष्य में रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ नाचा पार्टी खुदनी जिला बालोद की कार्यक्रम रखा गया है। उक्त जानकारी ग्राम पंचायत पतोरा के सरपंच प्रतिनिधि उदेराम साहु ने दी।


पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप

### प्रेस क्लब में आज पत्रकार- परिवार के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर

**रायपुर।** प्रेस क्लब में रविवार को पत्रकारों एवं उनके परिजनों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित है, जहां ईको, इसीजी एवं अन्य जांच निशुल्क की जाएगी। प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर ने बताया कि वर्तमान में कई ऐसी घटनाएं सामने आई हैं, जिसमें अचानक ही हार्ट अटैक से जान चली गई है। कुछेक पत्रकार भी इसके शिकार हुए हैं। इस वजह से शरीर और खासकर हृदय का ध्यान रखना आवश्यक है। शिविर में दांतों एवं आंखों की जांच भी की जाएगी।

### मानसून की विदाई पेंड्रा से प्रारंभ, जल्द ही पूरे प्रदेश से वापसी संभव

**रायपुर।** प्रदेश से दक्षिण-पश्चिम मानसून की विदाई प्रारंभ हो चुकी है। शुक्रवार को पेंड्रा से इसके लौटने की घोषणा कर दी गई है और आने वाले तीन-चार दिनों में इसे प्रदेश से विदा कर दिया जाएगा। स्थानीय प्रभाव यानी वातावरण में मौजूद नमी से बनने वाले बादल कई इलाकों में खंड वर्षा के रूप में बरस रहे हैं, मगर इसका असर व्यापक नहीं हो रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार प्रदेश में मानसून की गतिविधि काफी समय पहले समाप्त हो चुकी थी और यहां व्यापक वर्षा का दौर थम चुका था। स्थानीय प्रभाव अथवा बंगाल की खाड़ी में होने वाले किसी तरह के हलचल की वजह से बारिश हो रही थी। पिछले तीन चार दिन से रायपुर में ही खंड वर्षा की स्थिति बनी हुई है। इस बीच मौसम विशेषज्ञों द्वारा प्रदेश से मानसून के वापसी प्रारंभ होने की घोषणा कर दी है।

### ठगी का आरोपी नासिक से गिरफ्तार

**रायपुर।** मौदहापारा पुलिस ने एक ठगबाज को नासिक जाकर गिरफ्तार किया है। प्रार्थी राजू नायडू निवासी फाफाडीह ने रायपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसने नासिक के सपल एग्रोटेक प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर केशव चौहान निवासी हीरापुर दरसवाड़ी थाना वाडनेर को 5 लाख रुपए की उर्वरक सप्लाई का आर्डर दिया था। इसके एवज में उसने 5 लाख रुपए ऑनलाइन भुगतान भी किए थे, लेकिन एक साल बाद भी कंपनी द्वारा न ही उर्वरक की सप्लाई की गई है और न ही राशि लौटाई गई। इस मामले की रिपोर्ट के बाद पुलिस की टीम को नासिक भेजा था, जहां से आरोपी को गिरफ्तार कर रायपुर लाया गया है।

### चार नए शासकीय मेडिकल कालेज बनाने की तैयारी

**रायपुर।** राज्य में ज्यादा से ज्यादा संख्या में डाक्टर तैयार करने और चिकित्सा सुविधा का विस्तार करने चार जिलों में मेडिकल कालेज बनाने का काम शुरू कर दिया गया है। जांजगीर चांपा, कबीरधाम, मनेंद्रगढ़ और दंतेवाड़ा के गीदम में नया कालेज भवन बनाने के लिए 1012 करोड़ का प्रावधान किया गया है। काम शुरू करने निर्माण एजेंसी तय करने के लिए ई-टेंडर भी जारी कर दिया गया है। अभी प्रदेश में दस शासकीय मेडिकल कालेज में चिकित्सा की पढ़ाई हो रही है। आने वाले दिनों में इसकी संख्या बढ़कर 14 हो जाएगी, जिससे ज्यादा से ज्यादा चिकित्सक तैयार हो सकेंगे। इसके साथ ही दूरवर्ती जिलों में रहने वालों को बीमारी के इलाज के लिए लंबा सफर तय नहीं करना पड़ेगा। इन जिलों में रहने वालों को अपने क्षेत्र में चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध मिलेगी।

# सरकारी कर्मियों से चुनावी वादा निभाने की पहल, कमेटी की पहली बैठक 15 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 में भाजपा ने राज्य के सरकारी कर्मियों से वादा किया था कि भाजपा की सरकार बनने के बाद राज्य के शासकीय कर्मियों की समस्याओं को सुलझाने के लिए 100 दिनों के भीतर एक कमेटी बनाई जाएगी। यह कमेटी बनने के बाद अब इसकी पहली बैठक 15 अक्टूबर को रखी गई है।

हालांकि अभी ये साफ नहीं है कि कर्मियों की किन समस्याओं, मांगों पर कमेटी विचार करेगी। कर्मचारी नेताओं का कहना है कि इस बैठक का कोई एजेंडा जारी नहीं किया गया है।

## कर्मचारी नेताओं का कहना- कमेटी की बैठक में कोई एजेंडा नहीं

### सात महीने पहले बनी थी कमेटी

भाजपा सरकार ने अपने वादे के मुताबिक सरकार के कार्यकाल के सौ दिन होने पर मार्च में कमेटी का गठन कर दिया था। इस कमेटी की अध्यक्ष प्रमुख सचिव निहारिका बारिक हैं। कमेटी में प्रमुख सचिव विधि एवं विधायी विभाग, सचिव सामान्य प्रशासन, सचिव वित्त और सामान्य प्रशासन विभाग शासकीय कर्मचारी कल्याण शाखा के सचिव को शामिल किया गया है।




### इन संगठनों को बुलावा

प्रमुख सचिव निहारिका बारिक की अध्यक्षता वाली कमेटी ने इस बैठक में प्रदेश अधिकारी-कर्मचारी संघ, छत्तीसगढ़ प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ और तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के दो-दो प्रतिनिधियों को बुलाया है। यह बैठक 15 तारीख को मंत्रालय में दोपहर 3 बजे से रखी गई है।

### मांगें और समस्याएं हैं कई

हालांकि निहारिका बारिक कमेटी की बैठक के लिए कोई एजेंडा जारी नहीं किया गया है। कर्मचारी नेताओं का कहना है कि किन मुद्दों पर बैठक होगी, ये साफ नहीं है। हालांकि दूसरी ओर देखा जाए, तो राज्य के शासकीय कर्मचारियों का एक बड़ा वर्ग अपनी कई मांगों को लेकर आंदोलित है। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन की मांग है कि शासकीय कर्मियों को चार प्रतिशत डीए दिया जाए। इसके साथ ही 2019 से लेकर अब तक डीए का एरियर्स दिया जाए। इसके साथ ही 300 दिनों का अर्जित अवकाश नगदीकरण और चार स्तरीय समयमान वेतन तथा केंद्र के समान गृहभाड़ा की मांग प्रमुख है। इन मांगों को लेकर आंदोलित कर्मचारी पिछले दिनों एक दिन के लिए कलमबंद हड़ताल कर सभी सरकारी दफ्तरों का कामकाज एक दिन के लिए बंद कर चुके है। अब फेडरेशन 20 अक्टूबर को फिर एक बैठक करके क्रमबद्ध आंदोलन को आगे बढ़ाने की रणनीति तैयार करने वाला है। इसी तरह विभिन्न वर्गों के कर्मचारियों की अलग-अलग मांगें व समस्याएं हैं।

# मेडिकल और डेंटल के पीजी डाक्टर देंगे शपथपत्र नहीं करते प्रायवेट प्रेक्टिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सरकारी अस्पतालों में पदस्थ होने के बाद निजी अस्पतालों में सेवा देने का मोह नहीं छोड़ पाने वाले डाक्टरों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग सख्त कदम उठा रहा है। डाक्टरों के बाद सरकारी मेडिकल कालेज के पीजी छात्रों से पाठ्यक्रम अवधि के दौरान प्राइवेट प्रेक्टिस नहीं करने का शपथपत्र मांगा है। उन पर निगाह रखने की जिम्मेदारी डीन और विभागाध्यक्ष को दी गई है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल सरकारी अस्पताल की सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए सख्त रवैया अपना रहे हैं। उनके द्वारा निजी अस्पतालों में जाकर सेवा देने वाले डाक्टरों पर लगाम कसने के विभिन्न कदम उठाए गए हैं। हाल ही में नॉन प्रेक्टिस अलाउंस लेने वाले चिकित्सकों और भत्ता छोड़कर प्राइवेट अस्पताल में सेवा देने वाले डाक्टरों की मेडिकल कालेज स्तर पर सूची जारी की गई है। पिछले दिनों मेडिकल के साथ डेंटल कालेज में पीजी की पढ़ाई करने वाले छात्रों को निजी अस्पतालों से दूर रखने के लिए सख्ती दिखाई गई है। उन्हें अपना समय पढ़ाई पर फोकस करने निर्देशित करते हुए इस संबंध में शपथपत्र देने कहा गया है कि वे पाठ्यक्रम की अवधि के दौरान निजी प्रेक्टिस अथवा अन्य अस्पतालों नौकरी नहीं करेंगे। छत्तीसगढ़ स्नातकोत्तर चिकित्सा प्रवेश नियम एवं विवरणिका 2021 अनुसार इसे प्रतिबंधित किया गया है। आदेश के अंतर्गत सभी चिकित्सा महाविद्यालयों के अधिष्ठाताओं और प्राचार्य दंत चिकित्सा महाविद्यालय को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि स्नातकोत्तर छात्र-छात्राएं इस नियम का कड़ाई से पालन करें।



■ सरकारी डाक्टरों के निजी अस्पताल के मोह पर सख्त हुआ विभाग

## स्वच्छता में जनभागीदारी बढ़ाने रेलवे कर रहा स्टेशनों पर स्वच्छता चौपाल की पहल

# रेलवे स्टेशनों पर अब स्वच्छता चौपाल, अफसरों को देंगे सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

स्टेशनों में स्वच्छता को लेकर रेलवे बोर्ड, लगातार अभियान चला रहा है। इसी क्रम में अब रेलवे देश के सभी स्टेशनों पर स्वच्छता चौपाल लगाने जा रहा है, इसमें समावेशिता व 'वेस्ट टू वेल्थ' की अवधारणा जैसे मुद्दों मंथन किया जाएगा। इसे लेकर रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार ने सभी महाप्रबंधकों व मंडल रेल प्रबंधकों को निर्देश दिया। विशेष अभियान 4.0 के तहत छोटे और बड़े देश के सभी स्टेशनों पर स्वच्छता चौपाल से जोड़ा जाएगा। चौपाल में जन प्रतिनिधियों, ग्राम पंचायत और शहरी निकाय के प्रतिनिधियों के साथ-साथ संबंधित क्षेत्र के प्रबुद्ध लोगों को आमंत्रित कर स्टेशन की स्वच्छता में बेहतरी हेतु सुझाव लिए जाएगा, जिससे स्वच्छता अभियान में जन भागीदारी को सुनिश्चित किया जा सके।

रेलवे का कहना है कि रेल चौपाल यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी, जो यात्रियों को सुरक्षा एवं स्वच्छता से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर जागरूक करेगी। यह सामुदायिक संवाद का एक मंच प्रदान करता है, जहां यात्री अपनी समस्याएं तथा सुझाव सीधे रेलवे अधिकारियों से साझा कर सकते हैं। इससे समस्या समाधान की प्रक्रिया को भी त्वरित बनाने में मदद मिलेगी।

हरिभूमि सरोकार

## रेलवे बोर्ड के चेयरमैन व सीईओ सतीश कुमार ने देश के सभी मंडल और जोन को दिए निर्देश

### अभियान का दूसरा चरण 31 से

विशेष अभियान 4.0 का दूसरा चरण 2 अक्टूबर 2024 से 31 अक्टूबर 2024 तक चलाया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य स्वच्छता और सुरक्षा के प्रति जागरूकता है, जिसके तहत यात्रियों के साथ सीधा संवाद कर उन्हें साफ-सफाई, रेलवे सुरक्षा एवं रेलवे परिसर में उपलब्ध सुविधाओं के प्रति जागरूक किया जाएगा। साथ ही, यात्रियों व स्थानीय जनता से संबंधित सुविधाओं, समस्याओं के संबंध में जानकारी लेकर भारतीय रेल उनमें सुधार की ओर अग्रसर होगा।इसके तहत सभी नोडल अधिकारियों एवं रेलवे अधिकारियों को विशेष अभियान 4.0 की सफलता हेतु सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया जा रहा है। जिसका मुख्य उद्देश्य भारतीय रेल के बेहतरीन प्रदर्शन व उच्च मानक को स्थापित करना है।

### ग्राम पंचायत व शहरी निकाय के प्रतिनिधियों से करेंगे चर्चा




### समय और लागत दोनों में कमी आएगी

इस कार्यक्रम का उद्देश्य रेलवे स्टेशनों पर स्वच्छता चौपाल के माध्यम से समावेशिता को प्राथमिकता देते हुए कार्यस्थलों की स्वच्छता एवं 'वेस्ट टू वेल्थ' की अवधारणा जैसे मुद्दों पर ध्यान देना है। इस विशेष अभियान 4.0 के अंतर्गत दक्षता को बढ़ाते हुए संचालन प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित किया जा रहा है, जिससे समय व लागत दोनों में कमी आएगी। डेटा प्रबंधन में सुधार के साथ, डेटा संग्रह, विश्लेषण और भंडारण की प्रक्रिया को बेहतर बनाया जा रहा है। डिजिटल प्लेटफार्मों के माध्यम से जानकारी और सेवाओं की सुलभता बढ़ाई जा रही है, जो नवाचार नए व्यावसायिक मॉडलों एवं सेवाओं को बेहतर बनाने में सहायक सिद्ध होंगे। इसके अतिरिक्त ऑटोमेशन से विभिन्न कार्यों में तेजी व कुशलता लाने में मदद मिलेगी।

# नक्सली विस्फोट में गंवा चुके थे पैर, सरकार ने लौटाई चलने की ताकत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नक्सलियों द्वारा बिछाए गए बारूदी जाल में फंसकर पैर गंवा चुके आधा दर्जन ग्रामीणों को कृत्रिम पैर लगवाकर सरकार ने चलने की ताकत वापस दिलाई। माना के रिहैबिलिटेशन सेंटर में कृत्रिम पैर से चलने की ट्रेनिंग लेकर बस्तर के आधा दर्जन ग्रामीण उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से मिलने उनके निवास पहुंचे।

बस्तर क्षेत्र के 70 नक्सल पीड़ितों ने बस्तर शांति समिति की पहल पर सितंबर में दिल्ली जाकर जंतर मंतर में प्रदर्शन करने के साथ ही केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह तथा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर बस्तर में शांति की गुहार लगाई थी। वापसी पर उपमुख्यमंत्री व गृहमंत्री विजय शर्मा ने मुलाकात कर हौसला बढ़ाने के साथ और आईईडी ब्लास्ट में पैर गंवाने वालों को कृत्रिम पैर लगवाने के निर्देश अधिकारियों को दिए थे। समाज कल्याण विभाग के सहयोग से पहले चरण में कृत्रिम पैर लगाने के लिए बस्तर से 9 नक्सल पीड़ितों का आना तय हुआ था, किंतु व्यक्तिगत कारणों से 3 नहीं पहुंच पाए। बीजापुर के गुड्डू लेकाम, अवलम मारा, सोमली खत्री, खैरकम जोगा, राजाराम तथा सुकमा के सुक्की मड़कम को फिजिकल रेफरल रिहैबिलिटेशन सेंटर समाज कल्याण परिसर माना कैंप रायपुर में कृत्रिम पैर लगाए गए। अपने पैरों से खुद चलने के काबिल होने के बाद वे उपमुख्यमंत्री के निवास पहुंचे और अपनी भावना व्यक्त की।

■ कृत्रिम पैर लगाकर डिप्टी सीएम विजय शर्मा से मिलने पहुंचे पीड़ित

# चावल-शक्कर और नमक घोटाले में दो साल बाद राशन दुकान संचालक पर केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खाद्य विभाग ने एक सरकारी राशन दुकान संचालक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई है। संचालक ने दो साल पहले कार्ड धारकों के लिए आबंटित किए गए हजारों क्विंटल चावल, करीब साढ़े 8 क्विंटल शक्कर और 13 क्विंटल से अधिक नमक को हितग्राहियों को नहीं वितरित कर उसे बाजार में खपा दिया था। इस मामले में पूर्व में जांच भी हो चुकी है, जिसमें संचालक को दोषी पाया गया था। इस जांच के बाद संचालक को अपनी गलती सुधारने का मौका देते हुए गड़बड़ किए गए खाद्यान्न या उसके मूल्य के अनुरूप राशि लौटाने के लिए नोटिस जारी किया गया था। इस नोटिस के बाद भी संचालक ने न ही खाद्यान्न लौटाया और न ही राशि। विभाग ने अब इस मामले में संचालक के विरुद्ध थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

खाद्य विभाग के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार राजातालाब स्थित जय हिंद प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भंडार द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान जिसकी आईडी 441001080 है, में विभागीय टीम ने निरीक्षण किया था। इस दौरान दुकान को आबंटित किए गए चावल में 1728.76 क्विंटल, शक्कर में 8.38 क्विंटल तथा 13.26 क्विंटल नमक गायब पाया गया था। इस जांच के दौरान दुकान में स्टार रजिस्टर, स्टॉक बोर्ड के साथ पात्रता संबंधित सूची चस्पा होना नहीं पाया गया था। जांच के बाद दुकान के संचालक राकेश मिश्रा एवं विक्रेता फरजाना खान को गायब खाद्यान्न की रिकवरी के लिए 3 बार नोटिस जारी किया जा चुका है। इन नोटिसों के बाद भी संचालक द्वारा गड़बड़ी का खाद्यान्न नहीं लौटाया गया।




### इस धारा के तहत अपराध दर्ज

पुलिस ने इस मालमे में आरोपी संचालक राकेश शर्मा एवं विक्रेता फरजाना खान के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत धारा 3/7 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### इन दुकान संचालकों पर होगी एफआईआर

राशन दुकानों में खाद्यान्न की गड़बड़ी करने के मामले में विभाग ने 6 दुकान संचालकों पर एफआईआर कराने की तैयारी की थी। इसमें आईडी 441001080 के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करा लिया है, वहीं आगामी दिनों में अब ग्राम पंचायत गुखेरा आरंग आईडी 442003058, ग्राम पंचायत छटेरा आरंग आईडी 442003054, ग्राम पंचायत बड़गांव आरंग आईडी 442003113, ग्राम पंचायत भलेरा आरंग आईडी 442003060 एवं ग्राम पंचायत मांठ तिल्दा आईडी 442004042 के संचालकों के विरुद्ध भी एफआईआर दर्ज कराए जाने की संभावना है। इन दुकानों के संचालकों द्वारा भी नोटिस के बाद अब तक गायब खाद्यान्न की भरपाई नहीं की है।

# शहर में बढ़ा गांजा का कारोबार महिला सहित 3 गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी रायपुर में गांजा का कारोबार लगातार बढ़ रहा है। ओड़िशा, मध्यप्रदेश सहित कई राज्यों से प्रतिबंधित गांजा की खेप चोरी छिपे रायपुर सहित कई जिलों में लाकर खपाई जा रही है। इस कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए रायपुर पुलिस लगातार अभियान चला रही है और इससे जुड़े लोगों को गिरफ्तार भी किया जा रहा है। इसके बाद भी इसका कारोबार थम नहीं पा रहा है। पुलिस ने शुक्रवार को शहर के अलग-अलग इलाके से एक महिला सहित तीन लोगों को 6 किलो 266 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है।

**महिला से 2 किलो 166 ग्राम गांजा बरामद :** एक मामले में गोलबाजार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शुक्रवार को डीकेएस अस्पताल के पीछे पार्किंग के पास एक काला थैला लेकर खड़ी महिला को हिरासत में लेकर जब उसके थैला की तलाशी ली, तो उसमें गांजा भरा हुआ था। थैले में 2 किलो 166 ग्राम गांजा था, जिसकी कीमत 24 हजार रुपए बताई गई है। पूछताछ में महिला ने अपना नाम आबेदा बी पति सैयद साहिद बताया।

# छह साल पुराना सपना अब तक नहीं हुआ पूरा, माता कौशल्या विहार में बुक कराए गए 1698 फ्लैट्स अधूरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कमल विहार का नाम बदलकर माता कौशल्या विहार कर दिया गया, लेकिन इस विहार में 6 साल पहले खुद का मकान लेने का सपना देखने और बुकिंग कराने वालों की आस अब तक पूरी नहीं हो पाई है। इसकी वजह आरडीए है, जिसने लोगों को न्यूनतम दर पर खुद का मकान देने का सपना दिखाते हुए उनसे रकम तो ले ली, पर अब तक उनके सपनों को पूरा नहीं कर पाया है। माता कौशल्या विहार में अभी भी 1698 फ्लैट्स का निर्माण अधूरा पड़ा है, वहीं चार हजार ज्यादा फ्लैट्स की फिनिशिंग तो हो चुकी हैं, लेकिन इसका कब्जा देने में अभी भी ढिलाई बरती जा रही है।

हरिभूमि सरोकार

## हितग्राहियों से रकम ले ली, पर अब तक नहीं दिए मकान




■ देर से किस्त भरने पर आरडीए वसूलता है जुर्माना

### दे रहे पजेशन

पूर्ण हो चुके मकानों का पजेशन देने का काम शुरू हो चुका हैं, जो मकान अधूरे हैं, उनके लिए दोबारा टेंडर निकाला गया है। टेंडर खुलने के बाद उन मकानों का निर्माण भी जल्द पूर्ण करा लिया जाएगा।

**- प्रतीक जैन,** सीईओ, आरडीए रायपुर

### 3 वर्ष में देना था पजेशन

आरडीए ने किराएदारों को खुद का न्यूनतम दर पर मकान दिलाने के लिए वर्ष 2018 में योजना लांच की थी। इस योजना के तहत माता कौशल्या विहार में 2बीएचके, 3बीएचके, एलआईजी के 6082 फ्लैट्स का निर्माण किया जाना था। इस योजना के तहत लोगों ने मकानों की बुकिंग भी वर्ष 2018 में ही कराई थी। आरडीए की इस योजना के तहत मकानों को 3 साल में तैयार कराकर बुकिंग कराने वालों को इसका पजेशन देना था, लेकिन 6 साल बीत जाने के बाद भी अब तक 4 हजार से ज्यादा लोगों को मकान नहीं मिल पाए हैं।

### 1698 अधूरे मकानों के लिए दोबारा टेंडर

आरडीए ने 1698 अधूरे पड़े मकानों के लिए दोबारा टेंडर निकाला है। इससे पूर्व जिस ठेकेदार को इसका काम सौंपा गया था। उसके द्वारा मकानों को निर्माण कार्य कई महीनों से रोक दिया गया था। इस कारण उसका ठेका निरस्त कर आरडीए ने दोबारा अधूरे मकानों के निर्माण के लिए टेंडर निकाला है।

### 4096 बन चुके, फिर भी कइयों को नहीं मिले

6082 में 4096 मकान कम्प्लीट हुए कई महीने बीत चुके हैं, लेकिन फिनिशिंग के कारण इनका पजेशन नहीं दिया जा रहा था। अब इनमें से लगभग सभी मकानों की फिनिशिंग का काम पूर्ण हो चुका है, इसके बावजूद अभी भी सैकड़ों मकानों का कब्जा अब तक संबंधित आवेदक को नहीं दिया गया है।

## योजना में गलत पैकेज ब्लाक, जवाब भी संतोषपूर्वक नहीं दिया

# नहीं सुधर रहे निजी अस्पताल वाले, नोटिस का जवाब नहीं, 'आयुष्मान' से आधा दर्जन आउट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

शहीद वीरनारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना में मरीजों के इलाज के नाम पर गड़बड़ी करने से निजी अस्पताल वाले बाज नहीं आ रहे हैं। ज्यादा पैसे की खातिर अलग बीमारी का इलाज और दूसरा पैकेज ब्लाक करने के मामले में आधा दर्जन अस्पतालों को योजना से बाहर कर दिया गया है। इन अस्पतालों को जुलाई में नोटिस जारी किया गया था, मगर उनकी ओर से संतोषपूर्ण जवाब नहीं दिया गया था।




आयुष्मान योजना में उपचार के नाम पर गड़बड़ी करने वाले अस्पतालों पर स्वास्थ्य विभाग की टीम नकेल कसने में जुटी हुई है। तीन दिन पहले बड़ी कार्रवाई करते हुए एक निजी अस्पताल पर लाखों रुपए का जुर्माना लगाया गया था। शुक्रवार को फिर बड़ा एक्शन लेते हुए मामले में राजधानी सहित विभिन्न जिलों में संचालित आधा दर्जन निजी अस्पतालों को स्वास्थ्य योजना से बाहर कर दिया गया। राज्य नोडल एजेंसी को इन अस्पतालों के खिलाफ पूर्व में अधिक राशि वाले पैकेज ब्लॉक करने, ओपीडी के मरीजों को आईपीडी में दिखाने, बिना मरीज के पैकेज ब्लॉक करने, बिना विशेषज्ञ व सुविधा, अनावश्यक आईसीयू के पैकेज ब्लॉक करने, अस्पताल में गंदगी व अतिरिक्त नकद राशि लेने इत्यादि की शिकायत प्राप्त हुई थी।

### इन अस्पतालों पर कार्रवाई

राज्य नोडल एजेंसी ने राजधानी के बढ़ई पारा स्थित सिटी 24 हॉस्पिटल, पटेवा के जय पतई माता हॉस्पिटल, राजनांदगांव स्थित स्व. विद्याभूषण ठाकुर मेमोरियल हॉस्पिटल, महासमुंद के सांई नमन हॉस्पिटल, बालोद के उम्मीद केयर हॉस्पिटल एवं बिलासपुर के वेगस हॉस्पिटल का पंजीयन आयुष्मान योजना से निरस्त कर दिया है। तीन दिन पहले आरंग के बाबूजी केयर हॉस्पिटल एवं डौंडी लोहारा के समता हॉस्पिटल का पंजीयन निरस्त किया गया था और देवपुरी के जय अंबे मल्टी स्पेशलिटी हास्पिटल पर 31 लाख का जुर्माना किया गया था।

# सिलेबस अपलोड नहीं कर सका रविवि, इसलिए बढ़ा दिया पीएचडी के लिए आवेदन का समय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि ने पीएचडी प्रवेश परीक्षाओं के लिए आवेदन तिथि में वृद्धि की दी है। अब छात्र पीएचडी प्रवेश परीक्षा के लिए 28 अक्टूबर तक आवेदन कर सकेंगे। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, रविवि द्वारा तारीखों में वृद्धि तैयारी पूर्ण नहीं हो पाने के कारण की गई है। पीएचडी प्रवेश परीक्षाओं के लिए सिलबेस विवि द्वारा अपलोड करना होता है। इसके आधार पर परीक्षार्थी द्वारा तैयारी करते हुए आवेदन किए जाते हैं। लेकिन रविवि ने कुछ दिनों पूर्व ही पीएचडी के लिए सिलेबस अपलोड किए हैं। परीक्षाओं से संबंधित अन्य तैयारियां भी नहीं हो पाई हैं। इसलिए अंततः रविवि ने प्रवेश परीक्षा के लिए तारीख ही बढ़ा दी है।

पूर्व में जारी अधिसूचना के मुताबिक, 14 अक्टूबर तक का समय आवेदन के लिए दिया गया था। अब 28 अक्टूबर तक का समय दिया गया है। रिसर्च सेंटर को पूर्व में 18 अक्टूबर तक छात्रों के आवेदन भेजने थे, लेकिन अब 28 अक्टूबर के बाद जानकारी भेजनी होगी। गौरतलब है कि रविवि द्वारा पीएचडी के लिए आवेदन ऑफलाइन मोड में ही लिए जाते रहे हैं। इस बार भी ऑफलाइन मोड में आवेदन देने होंगे।

■ पहले 14 अक्टूबर तक मंगाए गए थे आवेदन, अब 28 तक का समय



### बदला गया है पैटर्न

रविवि ने पीएचडी प्रवेश परीक्षाओं के पैटर्न में बदलाव कर दिया है। इस बार पैटर्न बदलते हुए लिखित परीक्षा के साथ ही साक्षात्कार भी अभ्यर्थियों को देने होंगे। अब तक लिखित परीक्षा के आधार पर ही छात्रों के परिणाम घोषित कर दिए जाते रहते थे, लेकिन अब इंटरव्यू के अंक भी जुड़ेंगे। दोनों परीक्षाओं के अंक जोड़कर अंतिम नतीजे तैयार किए जाएंगे। रविवि 35 विषयों के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित कर रहा है। इसमें हिंदी, इंग्लिश, संस्कृत जैसे भाषा संबंधित विषयों के साथ ही मनोविज्ञान, गणित, भौतिकशास्त्र जैसे विभिन्न संकायों के विषय भी शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### लोगों ने की मारपीट

**महासमुंद।** मोटर साइकिल तेज चलाने की बात पर एक युवक के साथ 4 लोगों ने मारपीट कर दी। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी अशोक चौहान पित्ता दुरबल चौहान (19 साल) पलसापाली 10 अक्टूबर को भस्करापाली दुर्गा कार्यकम देखने गया था । कार्यकम देखने के बाद रात्रि करीब साढ़े 12 बजे अपने दोस्त समीर चौहान के साथ ग्राम पलसापाली वापस आ रहा था। भस्करापाली और धूपेनडीह के मध्य राजू चौहान ग्राम धूपेनडीह, मनोज पटेल, तेजराज पटेल भस्करापाली अपने बाइक में आए और प्रार्थी को मोटरसाइकिल तेज क्यों बला रहा है कहते हुए गाली गलौज करने लगे। इसके बाद आरोपी राजू चौहान, मनोज पटेल, तेजराज पटेल व एक अन्य साथी मारपीट करने लगे। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 115(2), 3(5) बीएनएस के तहत कार्रवाई की है।

### आरक्षक ने शासकीय क्वार्टर में लगाई फांसी

**जगदलपुर।** परपा थाना के पीछे बने शासकीय क्वार्टर में रहने वाले आरक्षक दिनेश मिच्छा 35 वर्ष ने अज्ञात कारणों के चलते अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी लगते ही परपा पुलिस मौके पर पहुंच शव को पीएम के लिए मेकाज भेजा, जहां पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

**पर्व : आदिवासी परंपरा अनुसार रैनी मार गढ़ चढ़ाई कर मनाई गई विजयीदशमी का पर्व**

# देवी-देवताओं की शोभायात्रा निकाली, किया शौर्य प्रदर्शन, तलवारें चमकी और लाठियां भांजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

जिले के मैनपुर क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक देव स्थल भाठीगढ़ में शनिवार को देवदशहरा का पर्व आदिवासी परंपरा अनुसार धूमधाम के साथ मनाया गया। क्षेत्रभर से पहुंचे देवी देवताओं व हजारों लोगों की उपस्थिति में विशाल शोभा यात्रा निकालकर रैनी मार, गढ़ चढ़ाई के साथ ऐतिहासिक देव दशहरा पर्व मनाया गया। इस देव दशहरा में आदिवासी संस्कृति की अनूठी झलक देखने को मिलती है। जहां क्षेत्रभर के देवी- देवताओं के पहुंचने के बाद आपस में मेल मुलाकात के पश्चात देवी देवता व हजारों लोग की भीड़ रैनी मारकर व गढ़ चढ़ाई की रश्म निभाते हुए दशहरा का पर्व मनाते है और राजा रजवाड़े जमाने के तलवार खडक बाना सांगा व अनेक अस्त्र शस्त्र भांजे जाते हैं। यह परंपरा 700 वर्ष से चली आ रही है और लोग इस दशहरा पर्व में शामिल होने देवी- देवताओ से आशिर्वाद लेने बड़ी संख्या में भाठीगढ़ पहुंचे थे।

■ भाठीगढ़ देवदशहरा का 700

अलग खबर




### चार दिवसीय देव दशहरा, निकलती है देवी-देवताओं की सवारी

भाठीगढ़ में चार दिवसीय देव दशहरा पर्व पर क्षेत्र भर के हजारों लोग पहुंच, देवी- देवताओं से क्षेत्र में सुख-शांति, समृद्धि व खुशहाली की कामना की। ज्ञात हो कि पैरी उदगम भाठीगढ़ छत्तीसगढ़ के प्रमुख गढ़ के रूप मे विख्यात है और अपने धार्मिक आस्थाओं के लिये पूरे प्रदेश में मशहूर है। यहां मनाये जाना वाला चार दिवसीय देव दशहरा अपने आप में एक अनूठा धार्मिक आयोजन है। आदिवासी संस्कृति के अनुसार दशहरा पर शक्ति पूजा के रूप में देवी -देवताओं की पूजा कर सवारी निकलती है। भाठीगढ़ में नवरात्रि के नवमी से दशहरा पर्व प्रारंभ हो जाता है। विजय दशमी के दिन पहाड़ी पर स्थित क्षेत्र के प्रमुख देवी मां बम्हनीन माई के दरबार मे विशेष पूजा अर्चना के पश्चात गाजे- बाजे के साथ सभी देवी- देवताओं की सवारी नेगी परिवार के घर पहुंची जहां राजा रजवाड़े जमाने के तलवार, खड़क, अस्त्र शस्त्र की पूजा अर्चना कर देवी देवता अस्त्र शस्त्र लेकर शक्ति के रूप में नृत्य, शौर्य प्रदर्शन किये। शाम चार बजे को राजभर के माता जिड़ारिन देवी की सवारी हजारों लोगों की भीड़ रैली के साथ ध्वज लेकर ग्राम भाठीगढ़ की सीमा पर पहुंची जहां तलवार व लाठी कला का प्रदर्शन किया गया।

### हजारों लोगों की संख्या भीड़ उमड़ी

*ठीक इसी समय राज देवी बस्तरहीन, गादी माई व रणमौली खांड़ा देवी भी भाठीगढ़ डांग डोली गाजे बाजे के साथ पहुंची। सभी प्रमुख देवी देवताओ के भाठीगढ़ पहुंचने पर भाठीगढ़ के देवी देवताओं व हजारो श्रध्दालुओं द्वारा जोरदार स्वागत के पश्चात मां बम्हनीन, मां दंतेश्वरी, मां काला कुंवर, मां गढ़वाली, मां भठीगढ़ीन, मां जिड़ारिन, मां बस्तरहीन, कचना धुर्वा देव व सभी प्रमुख देवी देवताओं के साथ हजारो की भीड़ तेज गति के साथ पूरे उत्साह से रैनी भांठा पहुंची और रैनी (सोनपत्ता) मारकर दशहरा पर्व मनाया गया। इस दौरान राजा रजवाड़े जमाने के तलवार, खड़क, अस्त्र शस्त्र जमकर भांजे गये और इसी रैनी मार दशहरा को देखने क्षेत्र व प्रदेश के कोने-कोने से हजारों लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी, पश्चात उपस्थित भीड़ ने देवी देवताओं से क्षेत्र मे सुख, शांति, समृध्दि की कामना करते हुए आशीर्वाद लिये। बताया जाता है रैनी मारने के बाद सभी देवी देवता एक दूसरे से गले मिलकर दशहरा पर्व की बधाई देते है और इस दौरान जो भी सच्चे दिल से माता से मनौती मांगी जाती है उसे माता अवश्य पूरा करती है।*



### देवी- देवताओं की लगाई दरबार

देवी -देवताओं की विशेष पूजा अर्चना के पश्चात देवी- देवताओं की दरबार लगाई गई जो अपने आप मे अनूठा है जहां देवी देवता क्षेत्र के समस्याओं के संबंध मे विचार विमर्श कर क्षेत्र भर से पहुंचे लोगों को आशीर्वाद प्रदान करेंगें। इस मौके पर प्रमुख रूप से हरिशचन्द्र नेगी, खेदुनेगी, डाकेश्वर नेगी, छबिलाल दिवान, प्रेमसाय जगत, नकछेड़ा राम धुर्वा, आशाराम यादव, नाथूराम धुर्वा, मुखताज सिंह दिवान, पवन दिवान, सुन्दर कपिल, नारद नेगी, छबिलाल ध्रुव, देवी सिंह चक्रधारी, भजन सिंह देववंशी, तुलसी नागेश, भगवान धुर्वा, देवन नेताम, महेंद्र नेताम, रामकृष्ण ध्रुव,गेन्दु यादव, आलोक गुप्ता,नेहाल नेताम,उत्तम पटेल जोहन नेताम, सोमाराम चक्रधारी, दयाराम यादव, दाउराम मरकाम, वेदराम धुर्वा, रायसिंह ध्रुव, सरपंच जितेन्द्र नेगी, देव नेगी सहित बड़ी संख्या में पूरे क्षेत्रभर के लोग शामिल हुए। इस दौरान मेला का आयोजन किया गया और भारी पुलिस सुरक्षा व्यवस्था तैनात थी।

# मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नवरात्रि पश्चात एक ओर दिन भर शहर में गली मोहल्लों में विराजित दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन का दौर चलता रहा वहीं शाम होते ही शहरवासियों का हूजूम दशहरा मैदान में उमड़ पड़ा। ढोल ताशे और मांदर की थाप और जसगीत के बीच झूमते हुए शहरवासियों ने माता को अंतिम विदाई दी। दशहरा के दिन भी जगह-जगह भंडारे का आयोजन हुए।

बता दें कि शहर की अधिकतर प्रतिमाओं का विसर्जन शनिवार को महामाया तालाब में हुआ। दिन भर यहां विसर्जन के लिए शहर के विभिन्न हिस्सों से दुर्गोत्सव समितियां पूरे उल्लास के साथ प्रतिमाओं को विसर्जित करने पहुंचती रही। इस दौरान पुलिस के चाक चौबंद व्यवस्था के बीच किसी अप्रिय घटना का समाचार प्राप्त नही हुआ। बता दें कि शहर के मुख्यमार्ग में यातायात सुगम हो इसके लिए भी लगातार पुलिस जवानों की ड्यूटी लगी रही जो आने जाने वाले वाहनों को निर्देशित करते रहे।



### बिरकोनी में जंवारा का विसर्जन

ग्राम बिरकोनी में दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन शोभायात्रा शनिवार को ग्राम के मुख्य मार्गों से निकाली गई। बाजार चौक स्थित विराजित दुर्गा प्रतिमा की सुबह 8 बजे पूजा आरती की। मादर के धुन व जसगीत सेवा गीत, भजन कीर्तन के साथ कुल देवी दुर्गा मंदिर में पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया। इस दौरान महिलाओं ने जंवारा शोभायात्रा का स्वागत आंगन में द्वार बना कर किया। रास्ते पर पुष्प वर्ष के साथ फूल आरती सजा कर माता की जयकारे लगाए। दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की कतारें लगी रही। अनेक भक्तों ने शरीर के विभिन्न अंगों में सांग बाना लेने वाले भक्त आकर्षक के केंद्र रहे। ज्योत जंवारा का शोभायात्रा बाजार चौक से साहू पारा, राममंदिर चौक से होते हुए विसर्जन स्थल तक पहुंचे। जिसमें महिलाएं देवी मां की भजन गाती हुई चलती रही। शरीर में सांग, बाना धारण किए माता के भक्तों का उत्साह झूमते हुए देखा गया। गांव के छोटे तालाब में विसर्जन विधि विधान से हुआ। तालाब के चारों ओर श्रद्धालुओं की कतार माता के अंतिम दर्शन के लिए लगी रही।





## पुण्यतिथि पर लोहिया को किया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

समाजवादी चिंतक जननायक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ. राममनोहर लोहिया की पुण्यतिथि मनाई गई। उपस्थित लोगों ने उनके स्थानीय लोहिया चौक में पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। दाऊलाल चंद्राकर ने कहा कि स्वतंत्र भारत की राजनीति और चिंतन धारा पर जिन गिने-चुने लोगों के व्यक्तित्व का गहरा असर हुआ है, उनमें डॉ. राम मनोहर लोहिया प्रमुख रहे हैं। भारत के स्वतंत्रता युद्ध के आखिरी दौर में उनकी भूमिका बड़ी महत्वपूर्ण रही है। कहा कि भारतीय राजनीति और आजादी की लड़ाई में सक्रिय भूमिका निभाने वाले डॉ. राम मनोहर लोहिया का पूरा जीवन उतार और चढ़ाव से भरा है। आज उनके आदर्श और नाम पर देश में हम सक्रिय है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से दाऊलाल चंद्राकर, अशोक शर्मा साहित्यकार, राजेश जैन, बिहारी पटेल, नारायण नामदेव, शाहबाज राजवानी, मानक नामदेव, सोनू नामदेव, मनोज जैन, खोराम ठाकुर, रामचंद्र धीवर आदि उपस्थित रहे।



### प्रतिमा पर माल्यार्पण कर राशि ने किया याद

**महासमुंद।** शनिवार को नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने डॉ. राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि पर लोहिया चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। श्रीमती महिलांग ने उन्हें याद करते हुए कहा कि भारतीय राजनीति और आजादी की लड़ाई में स्व. लोहिया ने सक्रिय भूमिका निभाई थी। वे एक समाजवादी नेता और देश के योद्धा थे। देश के लिए उनके बलिदान और पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया।

## घर के सामने से बाइक चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

तेंदूकोना में बाइक चोरी की घटना हुई है। घटना को लेकर प्रार्थी विमलेश साव निवासी साल्हेभाठा ने बताया कि उसका घर तेंदूकोना में पिथौरा से बागबाहरा जाने के मार्ग किनारे में है।

10 अक्टूबर की रात में घर के सामने अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी06जीजेड 4062 को रखा था। लेकिन सुबह 6 बजे के करीब देखने पर बाइक वहां नहीं थी। पुलिस ने मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर

## खरोरा में जसगीत की धुन में झूमे लोग



ग्राम खरोरा में सामाजिक नवदुर्गा समिति बस्ती पारा, इंदिरा नगर व लोहारपारा में विराजित मां दुर्गा की प्रतिमाओं व ज्योत-जंवारा का विसर्जन किया गया। इससे पहले मांदर की थाप पर सेवा व जसगीत के साथ प्रमुख चौक-चौराहे से विसर्जन यात्रा गुजरी। इसी तरह नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति खरोरा में माता दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन खरोरा तालाब में किया गया। इसी तरह ग्रामवासियों ने जय अम्बे जय भवानी के जयकारे के साथ मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया गया।



### एमकेबाहरा में भक्तों ने धारण किए सांग

ग्राम एमकेबाहरा में दुर्गा प्रतिमा एवं ज्योति कलशों को सांग बाना डीजे धुमाल में थिरकते भक्तों ने पूरे विधि विधान से तालाब में विसर्जन किया गया। इस मौके पर जसगीत और मांदर के धुन पर श्रद्धालुओं ने माता की भक्ति के साथ आराधना की।

## बेलसोंडा के शीतला मंदिर में हुआ हवन-पूजन एवं कन्या भोज, आयोजन में ग्रामीणों ने दिया सहयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ग्राम पंचायत बेलसोंडा के शीतला माता मंदिर में विधि विधान से हवन पूजन एवं कन्या भोज का कार्यक्रम हुआ। मां शीतला विकास समिति के अध्यक्ष शत्रुहन साहू ने बताया कि ग्रामीणों के सहयोग एवं गांव की प्रथम नागरिक भामिनी पोखन चंद्राकर के कुशल मार्गदर्शन तथा समिति के सभी सदस्यों का स्वस्फूर्त सहयोग प्राप्त हुआ। समिति के कोषाध्यक्ष उदेराम साहू ने बताया कि सरपंच भामिनी पोखन चंद्राकर के कार्यकाल में सभी वर्गों को मुख्य जजमान के रूप में माता चरणों में बैठने का सुअवसर प्राप्त हुआ।




## कार को बोलेरो ने मारी टक्कर

# 40 फीट रावण के पुतले का किया दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर सहित पूरे विकासखंड क्षेत्र में आज विजयदशमी दशहरा का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। सुबह नगर सहित क्षेत्र में चहल- पहल देखने को मिला। वहीं ग्राम नाउमुड़ा, बरदुला, गिरहोला व क्षेत्र के कई ग्रामों मे दशहरा मेला का आयोजन किया गया जहां भारी भीड़ लगी रही। देवी- देवताओं की पूजा अर्चना किया और गांव -गांव रामलीला का मंचन कर रावण वध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रात में विभिन्न ग्रामों मे सांस्कृति व धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। वहीं तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति द्वारा शाम 6 बजे से रामलीला का मंचन कलाकारो द्वारा किया गया और आकर्षक आतिशबाजी के साथ रावण के विशाल पुतला का दहन किया गया। इस दौरान पूरा मैनपुर जय जय श्री राम के जयकारों से गुंज उठा।

■ नाउमुड़ा, गिरहोला व बरदुला में दशहरा मेले का हुआ आयोजन







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

### आस्था : सुबह से लेकर देर शाम तक विसर्जन का सिलसिला चलता रहा

# दुर्गा विसर्जन के लिए शीतला तालाब में उमड़ा जनसैलाब







हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

शनिवार को मां दुर्गा विसर्जन में जन सैलाब शीतला तालाब जाने के लिए उमड़ पड़ा।सुबह 10 बजे से लेकर विसर्जन का यह सिलसिला देर शाम तक चलता रहा। इस दौरान विभिन्न मुहल्लों, चौक-चौराहों के पंडालों में विराजित मां दुर्गा की प्रतिमाओं और जंवारा लेकर समिति वाले लगातार निकलते रहे। शीतला तालाब जाने वाला मार्ग खचाखच भरा रहा। पूरा शहर देवी मां दुर्गा के जयकारों से गूंजता रहा। माता के सेवा एवं जसगीत गाते, ढोल-मजीरों के साथ एक तरफ जहां सेऊक झूप रहे थे, तो दूसरी ओर सिर पर जंवारा लिए युवतियों-महिलाओं की टोली कतारबद्ध होकर चल रही थी। बीच-बीच में कई ऐसे देवी मां के भक्तिन युवतियां एवं महिलाएं थी, जो इस दौरान जमीन पर लेटकर अपनी श्रद्धा प्रकट कर रही थी। जंवारा और कलश लिए महिलाओं की टोली इनके ऊपर से पार होकर जा रही थी। दुर्गा पंडालों से निकलने वाले माता की प्रतिमाओं को ट्रेक्टर में सवार कर नन्हें बच्चे, मुहल्ले की महिलाएं, देवी मां के भक्त और गालों में बाना लिए व्रती झूमते हुए चल रहे थे। पूरा दृश्य भक्तिमय नजर आ रहा था।

#### सिर पर ज्योत कलश व जंवारा लेकर निकली महिलाएं

दुर्गा पंडालों के समितियों के अलावा स्थानीय जनप्रतिनिधि और नेता भी इसमें शरीक थे। शीतलापारा की सड़क और गली सुबह से ही मेले की तरह भीड़ भरा नजर आ रहा था। शीतला तालाब के जिस घाट में विसर्जित करने की परंपरा रही है, उसी के अनुरूप एक-एक कर प्रतिमाओं तथा जंवारा को ठंडा किया जा रहा था। शीतला तालाब मार्ग पर कई जगह ठंडा पेय और शुद्ध पानी का इंतजाम समाज सेवकों एवं माता के भक्तों ने कर रखा था। आस्था के चलते छोटे बच्चे से लेकर कई युवक बाना लिए हुए थे। महिलाएं ज्योति कलश और जंवारा लिये चल रही थी। रास्ते में कई महिलाओं को माता की शक्ति आ गई थी, वे झूपने लगी थी जिन्हें हुम जग देकर मनाया जा रहा था। कई युवतियां शोभायात्रा के सामने लेटकर आशीर्वाद ले रही थी। शाम तक शहर की हर सड़क में भीड़ बनी रही। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस के जवानों की विशेष ड्यूटी तालाब मार्ग पर लगाई गई थी।

#### *तेज धूप और उमस ने किया बेहाल*

*खास बात इस बार यह रही कि क्वांर के इस महिने में जेठ-बैसाख जैसा बहुत ही कड़क तेज धूप और उमस भरी गर्मी थी। खुले पैर ज्योत जंवारा लेकर चलने वाली मातृशक्तियों एवं छोटी-छोटी बच्चियों के पैर जलते रहे। कई समिति वाले तात्कालिक रूप से टाटपट्टी जैसा हरा कलर का मेटिंग खरीदकर विसर्जन के लिए निकले मातृशक्तियों के पैर के सामने बिछाकर इंतजाम करते देखे गए।*

## छुरा थाना में हुआ शस्त्र पूजा





छुरा। शनिवार को विजयदशमी दशहरा के शुभ अवसर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी छुरा थाना में शस्त्र पूजन किया गया। पंडित यज्ञेश प्रसाद पांडे मानस मंदिर पुजारी के द्वारा विधि विधान से मंत्र उच्चारण से शक्ति पूजा दुर्गा पूजा शस्त्र पूजन किया गया। यजमान के रूप में थाना प्रभारी दिलीप मेश्राम एवं पूरे स्टॉप इस पूजन कार्य में सम्मिलित हुए। खुमान साहू, प्रधान आरक्षक लक्ष्मण चंद्रवंशी, कृष्ण कुमार गिलहरे, जयप्रकाश मिश्रा, दुर्गेसवार साहू, डुलेश्वर बघेल, आरक्षक नूतन दीवान, अरविंद जटवार, अखिलेश वैष्णव, दिलीप निषाद, राजकुमार मरकाम, कृष्णा यादव, महिला आरक्षक पार्वती ध्रुव, लता पटेल, शशि कौशिक एवं समाजसेवी शीतल ध्रुव सम्मिलित हुए।

## कोपरा में धूमधाम से ज्योत-जंवारा और दुर्गा प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन




कोपरा। कोपरा में नौ दिवसीय नवरात्रि उत्सव का समापन शनिवार को देवी दुर्गा की प्रतिमाओं और जंवारा विसर्जन हर्षोल्लास से हुआ। नगर के विभिन्न दुर्गा उत्सव समितियों द्वारा माँ दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया, जिनमें प्रमुख रूप से शिव चौक दुर्गा उत्सव समिति, गाड़ाही माता दुर्गा विसर्जन बालक समिति, जय अखरा देव दुर्गा उत्सव समिति और श्री राम जानकी दुर्गा उत्सव समिति शामिल थीं। इसके अलावा, मां महामाया दुर्गा उत्सव समिति और कोपेश्वर नाथ दुर्गा उत्सव समिति ने भी उत्साहपूर्वक इस आयोजन में भाग लिया।

**पारंपरिक वेशभूषा में ज्योत और जंवारा का विसर्जन-** शनिवार को नगर की सड़कों पर सफेद वस्त्रों में सजे-धजे महिलाओं और पुरुषों का जनसैलाब देखा गया, जो ज्योत और जंवारा विसर्जन के लिए निकले थे। भक्तों ने माता दुर्गा को श्रद्धाभाव से विदा किया। जसगीतों की मधुर धुनों पर श्रद्धालु झूमते-गाते हुए निकट के नदी-तालाबों तक पहुंचे, जहां जवारा का विसर्जन संपन्न हुआ।

**विशाल मूर्तियों का व्यवस्थित विसर्जन-** शीतला मंदिर तालाब में महामाया स्पोर्ट्स क्लब के सहयोग से बड़े मूर्तियों के विसर्जन की विशेष व्यवस्था की गई थी। क्लब के सदस्य विसर्जन कार्य में सहायता कर रहे थे, ताकि प्रक्रिया सुचारु रूप से संपन्न हो सके।

**भोज और प्रसाद वितरण-** दुर्गा विसर्जन के साथ ही नगर के विभिन्न स्थानों पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। शीतला माता मंदिर परिसर में भी बड़ी संख्या में लोग जवारा विसर्जन के लिए एकत्र हुए, जहां प्रसाद वितरण किया गया और भक्तों ने माता से सुख-समृद्धि की कामना की। इस तरह कोपरा में नौ दिन चले भक्ति और उत्सव के पर्व का विधिवत समापन हुआ, जहां पूरे नगर में आस्था, श्रद्धा और आनंद का वातावरण बना रहा।

## दुर्गा प्रतिमा का विधिविधान के साथ किया गया विसर्जन




मैनपुर। तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर सहित ग्राम मैनपुर कला, शोभा, अमलीपदर, फरसरा, धवलपुर में नवरात्र पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया और आज विजयदशमी के अवसर पर सुबह मां दुर्गा की प्रतिमा का विधिविधान के साथ पूजा अर्चना कर तालाब में विसर्जन किया गया। विसर्जन से पूर्व शोभा यात्र निकाली गई। जिसमें पूरे नगर ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए गाजे- बाजे और जसगीत के साथ लोग शोभा यात्रा में शामिल हुए साथ ही जंवारा विसर्जन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। घर- घर नव कन्या भोज के साथ नवाखाई का पर्व मनाया गया।

## मां दूर्गा की प्रतिमा विसर्जन कर माता को दी विदाई



रसेला। क्षेत्र विजयदशमी पर मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन कर माता को विदाई दी गई। जब श्रवण नक्षत्र और दशमी तिथि दोनों एक साथ अपराह्न के समय होते हैं, तो दुर्गा विसर्जन के लिए अपराह्न काल को प्रातः काल से अधिक महत्वपूर्ण माना जाता है। इस लिए ये शुभ संयोग बन रहा। पंडित गोलू महाराज ने बताया कि 12 अक्टूबर को दुर्गा विसर्जन के लिए दोपहर 1. 17 से दोपहर 03. 35 तक शुभ मुहूर्त था। मां दुर्गा को विदा करने से पहले पंडाल में ही पहले देवी की विधि विधान से पूजा अर्चना कर, ज्वारों पर भी फूल, गंध,अक्षत, रोली आदि अर्पित किया गया। माता प्रतिमा को विसर्जन करने के साथ ही बोये गये ज्वारों को भी साथ लेकर गये। मां दुर्गा से क्षमा याचना कर प्रणाम किया और घर की सुख शांति के लिए माता से प्रार्थना किये। श्रद्धालुओं द्वारा मां दुर्गा दिव्य स्त्री शक्ति को अलविदा कहना और विदाई देना आसान नहीं था, सबके आंखें नम हो गई। सभी गांवों में अपने अपने सुविधा अनुसार ट्रेक्टर व पिकप में मां दुर्गा को बाजे गाजे के साथ गांव के गलियों में भ्रमण करते हुए तालाब में ले जाया गया। जहां भक्तजनों ने नम आंखों से अंतिम विदाई दी गई। इस तरह ग्राम रक्सी, कुडेरादादर, मेडकीडबरी, कनसिघी, सेम्हरा, टेगनाबासा, रावनाभाटा सहित सभी जगहों पर विसर्जन का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## धूमधाम से किया गया दुर्गा माता का विसर्जन



पाटसिवनी(पिपरहट्ठा)। ग्राम पिपरहट्ठा में दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन सतबहनी तलाब में गाजे-बाजे व मंत्रोचार के साथ किया गया। नवरात्र में नौ दिन तक भजन कीर्तन, सेवागीत व मंत्रोचार के साथ माता रानी का पूजन चलता रहा। नवे दिन कन्या भोज, यज्ञ आहुति के साथ विशाल भंडारा किया गया। जो दिनभर चलता रहा। दशमी के दिन सुबह से ही माता का पूजन अर्चन शुरू हो गया। पंडित जय प्रकाश तिवारी द्वारा मां दुर्गा की मंत्रोचार से पूजा की गई। पूरा वातावरण देवी माता के भक्तों द्वारा माता की जय जयकार के स्वर गूंज रहे थे। दोपहर बाद गांव में माता की शोभायात्रा निकालकर ढोल नगाड़े, घंटा शंख बजाते हुए मां भवानी की विसर्जन यात्रा शुरू हुई जो सात बहिनी तालाब के तट पर जाकर पूर्ण हुई। विसर्जन के पूर्व तालाब के तट पर पंडित जयप्रकाश तिवारी व श्रद्धालुओं के द्वारा विधि विधान से मां का पूजन किया गया। इस अवसर पर गांव के स्त्री, पुरुष व बच्चे मौजूद रहे।

## गृहग्राम पहुंचकर विधायक रोहित ने दुर्गा माता से लिया आशीर्वाद




राजिम। विधायक रोहित साहू अपने गृहग्राम पिपरछेड़ी-सेम्हरतरा में मां दुर्गा के पंडालों में पहुंचकर धूमधाम से पूजा-अर्चना करते हुए समूचे राजिम क्षेत्र में सुख शांति और समृद्धि की मंगल कामना की। इस अवसर पर उन्होने कहा कि नवरात्रि का पर्व बहुत ही पवित्र मन से हर गांव में मनाया गया है। उन्होने कहा कि आपसी भाईचारा तथा समरसता के वातावरण में गांव की खुशहाली और तरक्की के लिए एकजुट रहे। उनके गृहग्राम में ग्रामवासियों एवं मातृशक्तियों ने शानदार स्वागत किया।

## अंचल में जोत- जंवारा का किया गया विसर्जन



राजिम। समूचे अंचल में 9 दिनों तक मां अंबे की पूजा-अर्चना के साथ धूमधाम से नवरात्रि पर्व मनाया गया, शनिवार को मां दुर्गा की प्रतिमा का धूमधाम से बाजे-गाजे के साथ शोभा यात्रा निकालकर नदी तालाब में नम आंखों से विसर्जन किया गया। इस दौरान अनेक महिला व पुरुष एवं बच्चों पर देवी आ जाने के कारण बाना सॉन्गा लिए हुए नाचते रहे। साथ ही नगर के प्राचीन मां महामाया मंदिर से सुबह 9 बजे जोत जंवारा विसर्जन के लिए निकला जिसे तालाब में विसर्जन किया गया। गांव के शीतला मंदिरों व घरों में बोए गए जंवारा का भी विसर्जन किया गया।

## मांदर की थाप पर माता को दी अंतिम विदाई



छुईहा बेलर। ग्राम चैतरा मे क्वांर नौ रात्रि के पावन पर्व माँ दुर्गा देवी मूर्ति की शनिवार को गंगा विसर्जन किया गया। पंडा भक्त सहित पुरे ग्राम वासी जस सेवा मधुर गीत के मांदर की थाप मंजिरा की झंकार धुन और मे भक्त माता की भक्ति में नाचते गाते माता रानी को नम आँखो से विदाई किया।जिसमें नवयुवक दुर्गाउत्सव समिति चैतरा के समस्त विजय साहू, नरेंद्र साहू, पीलू यादव, राजेश साहू , हरदेव साहू, वासु देव यादव, भुनेश्वर साहू, ताराचंद साहू गोविन्द साहू ,गियान साहू रोहित यादव ,जागेश्वर साहू, पंडा सियाराम जगमोहन यादव सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

## भक्तों ने नम आंखों से मां आदि शक्ति को दी विदाई



छुईहा बेलर। विजयादशमी के मौके पर भक्तों ने नम आंखों के साथ मां आदि शक्ति को विदा किया। शारदीय नवरात्र के नौ दिनों के अनुष्ठान के बाद ग्राम देवगांव में सार्वजनिक चौक दुर्गा देवी और राजेन्द्र निवास से काली माता की विदाई की बेला आई तो मां से दूर होने का गम कमोबेश हर भक्तों के अश्रुपूरित आंखें स्पष्ट बता रही थी। इस दौरान देवगांव के लोगों एवं श्रद्धालुओं ने काफी मायूसी के साथ माता को विदा किया। वहीं विजयादशमी उत्सव को लेकर पूरा शहर मां की अंतिम विदाई के दौरान जन सैलाब उमड़ पड़ा। अश्रुपूरित भक्तों की आंखे अंतिम विदाई के दौरान माता से सुख-समृद्धि और निरोग रहने की कामना कर रही थी। ठीक एक दिन पुर्व महाष्टमी हवन पूजन के दौरान खीर पुड़ी का प्रसादी भंडारा रखा गया था जिसमें ओमप्रकाश साहू सरपंच रूपसिग साहू, सियाराम पटेल, देवशरण, रामगोपाल, तमेश, , कुमानू, प्रेमसिंह, रूपेश, भीष्म, सतीश, संतु राम, सुरेश, रूपी मलेसु रवि इत्यादि ग्रामवासियों का सहयोग था।

## हवन व कन्या पूजा कर समृद्धि की कामना की




छुईहा बेलर। ग्राम बिजली एवं देवगांव में नवरात्रि में पूरे 9 दिनों तक मां भगवती की अराधना हुई। नवरात्रि के महाअष्टमी को हवन और नवमी को व्रत साधक और भक्त ने दुर्गा की नौ स्वरूप में कन्या पूजा कर घर पर सुख-समृद्धि की कामना की।



## चरौदा में गौरा- गौरी चौड़ी की पूजा की गई

छुईहा बेलर। ग्राम पंचायत चरौदा में जनपद पंचायत मंद स्वीकृत से नव निर्मित गौरा चौरा का पूजा आरती कर शुभारंभ किया गया। इस चौड़ी का उपयोग ध्रव गोड़ समाज का इष्ट बुढ़ादेव की दीपावली में गौरा गौरी के स्वरूप में स्थापित कर पूजा किया जाता है। कार्यक्रम में विशेष रूप से जनपद पंचायत फिगेंश्वर अध्यक्ष पुष्पा जगन्नाथ साहू एवं ध्रव समाज चरौदा उपस्थित थे। उक्त जानकारी काग्रेंस पुर्व जोन अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद सिन्हा चरौदा ने दी।

## नीलकंठ के हुए दर्शन



मुड़ागांव(कोरासी)। अंचल में दशहरा पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसी बीच अगर कोई नीलकण्ठ का दर्शन करते हैं तो उसे शुभ माना जाता है। बिजली के तार में बैठे नीलकंठ का दर्शन प्रेमनारायण ध्रुव तथा लोकनाथ साहू ने किया। इस दिन इस पक्षी का दर्शन दुर्लभ माना जाता है। दिखाई नहीं देता। किस्मत वालों को ही इसका दर्शन होता है।

## माता के दर्शन करने उमड़े लोग



छुईहा बेलर। ग्राम बारूला गौरागौरी चौक में नौ दिन तक विराजमान दुर्गा प्रतिमा की विसर्जन पूर्व अंतिम दर्शन के लिए स्वतंत्र परिषर में रखा गया। इसके बाद से पूरे गांव में भ्रमण कर शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा पर में विजय दशमी पर्व पर गांव में नौ दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन जुलूस शनिवार को धूमधाम व गाजेबाजे के साथ निकाला गया। विसर्जन शोभा यात्रा में श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ा हुआ था। स्थानीय तलाब में विसर्जित किया गया।

